मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी-मार्च, 2010 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 18 मार्च, 2010 (फाल्गुन 27, 1931)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री जयंत मलैया, आवास एवं पर्यावरण मंत्री, जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 39 (2) तथा वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 35 (2) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश प्रदूषण नियत्रण बोर्ड का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2008-2009 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति (एन.पी.), सदस्य, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजनांतर्गत की गई खरीदी में अनियमितता होने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) डॉ. निशिथ पटेल, सदस्य, बुरहानपुर जिले के ग्राम बीडरै स्थित शासकीय भूमि पर अतिक्रमण होने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) श्री अजय अर्जुन सिंह, सदस्य, सतना जिले के अमरपाटन में वाहन की टक्कर से एक छात्र की मौत होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री रामलखन सिंह, सदस्य, सतना जिले के लिलजी बांध की जमीन को निजी सीमेंट कंपनी को दिये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. प्रतिवेदन की प्रस्तुति

श्री गिरीश गौतम, सभापति, प्रत्यायुक्त विधान समिति का प्रथम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री आरिफ अकील, सदस्य, भोपाल जिले के -
- (क) बरखेड़ा रेल्वे फाटक से नवीन नगर एवं सोनिया गांधी कालोनी तक रोड का डामरीकरण कराये जाने,
- (ख) जुमेराती के अलीगंज पार्किग स्थल के ट्रांसफार्मर हटाये जाने , तथा
- (ग) वार्ड नं. 10 में सुलभ काम्पलेक्स बनाये जाने ,

(2) श्री ठाकुरदास नागवंशी, सदस्य, होशंगाबाद जिले के -
- (क) बनखेडी में स्नातक कला एवं कामर्स महाविद्यालय खोले जाने , तथा
- (ख) बनखेड़ी-गाडरवाड़ा बाईपास रोड से चिकित्सालय तक सड़क बनाये जाने ,

(3) श्री रामखेलावन पटेल, सदस्य, सतना जिले के -
- (क) रामनगर सिविल चिकित्सालय में रिक्त पदों की पूर्ति किये जाने , तथा
- (ख) अमरपाटन की भवन विहीन आंगनबाड़ियों के भवन निर्माण कराये जाने ,

(4) श्रीमती साधना स्थापक, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के -
- (क) गाडरवारा में हाईकेयर यूनिट प्रारंभ किये जाने,
- (ख) ग्राम सुडरास में हाई स्कूल खोले जाने,
- (ग) गाडरवारा की शक्कर नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने, तथा
- (घ) ग्राम-इमलिया से अमाड़ा तक सड़क निर्माण कराये जाने ,

(5) श्री हेमराज कलपोनी, सदस्य, राजगढ़ जिले के -
- (क) ग्राम-कोलूखेड़ा में एक नलकूप खनन कराये जाने, तथा
- (ख) ग्राम-मोतीपुरा सौधिया में एक नलकूप खनन कराये जाने,

(6) श्री ताराचन्द बाबरिया, सदस्य, छिन्दवाड़ा जिले के -

(क) परासिया के ग्राम छिंदा देवरी-पिपरिया तक सड़क निर्माण किये जाने,

(ख) ग्राम पलटवाड़ा तेंदूखेड़ा में पौआमा तक सड़क निर्माण किये जाने,

(ग) ग्राम-खिरसाडोह से मायावाड़ी तक सड़क निर्माण किये जाने, तथा

(घ) ग्राम हरनाखेड़ी से पौनार तक सड़क निर्माण किये जाने ,

(7) कुंवर विक्रम सिंह,सदस्य, छतरपुर जिले के खजुराहो से सकेरापुवा,खरोंही तक पहुंच मार्ग निर्माण किये जाने, एवं

(8) श्री हितेन्द्र सिंह सोलंकी, सदस्य, खरगौन जिले के बडवाह तहसील की उपमंडी बेडिया को अन्यत्र स्थानांतरण किये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

6. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्री उमाशंकर गुप्ता, गृह मंत्री, मध्यप्रदेश आतंकवादी एवं उच्छेदक गतिविधियां तथा संगठित अपराध नियंत्रण विधेयक, 2010 (क्रमांक 3 सन् 2010) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

(2) डॉ. नरोत्तम मिश्रा, संसदीय कार्य मंत्री, महर्षि पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2010 (क्रमांक 4 सन् 2010) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

(3) डॉ. नरोत्तम मिश्रा, संसदीय कार्य मंत्री, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2010 (क्रमांक 5 सन् 2010) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

(4) श्रीमती अर्चना चिटनीस, स्कूल शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश जन शिक्षा (संशोधन) विधेयक, 2010 (क्रमांक 6 सन् 2010) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगी तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगी.

7. वर्ष 2010-2011 की अनुदान मांगों पर मतदान (क्रमशः)

निर्धारित समय			
1 घन्टा	(1)	मांग संख्या - 5	जेल
		मांग संख्या - 36	परिवहन.
	(2)	मांग संख्या -14	पशुपालन
1 घन्टा		मांग संख्या -16	मछलीपालन
		मांग संख्या -63	अल्पसंख्यक कल्याण
		मांग संख्या -66	पिछड़ा वर्ग कल्याण.
	(3)	मांग संख्या - 26	संस्कृति
2 घन्टे		मांग संख्या - 32	जनसंपर्क
30 मि.		मांग संख्या -44	उच्च शिक्षा
		मांग संख्या -47	तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण
		मांग संख्या -51	धार्मिक न्यास और धर्मस्व.
		मांग संख्या -70	तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं.
1 घन्टा	(4)	मांग संख्या -18	श्रम.
1 घन्टा	(5)	मांग संख्या -13	किसान कल्याण तथा कृषि विकास
		मांग संख्या -54	कृषि, अनुसंधान एवं शिक्षा.
1 घन्टा	(6)	मांग संख्या -17	सहकारिता
30 मि.		मांग संख्या -20	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी.

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 17 मार्च, 2010